# श्याम परिवार के 16वें वार्षिकोत्सव पर जनसैलाब उमड़ा

चूरू (निसं)। स्थानीय भाईजी चौक स्थित बालाजी प्लॉट्स में श्री श्याम सेवा समिति श्याम परिवार का 16वां वार्षिकोत्सव रविवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आयोजन समिति के कैलाश चंद्र नवहाल ने बताया कि पं. देवकीनंदन व्यास व पंडित नारायण गौड ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना करवायी।

मुख्य यजमान समाजसेवी सुशील बजाज व कुणाल खेमका ने सपत्नीक बाबा श्याम का दीप प्रज्वलित व अखंड ज्योत लेकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का संगीतमय वाचन मेहुल शर्मा, हिमांशु शर्मा व अमित शर्मा ने किया। उन्होंने अखंड ज्योत है अपार माया, श्याम प्रभु की प्रबल छाया सहित अनेक भजनों की सुन्दर प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को परवान चढाया।

- अखंड ज्योत है अपार माया, श्याम प्रभु की प्रबल छाया
- सजीव नृत्य नाटिका और झांकियां रही आकर्षण का केंद्र



श्री श्याम सेवा समिति श्याम परिवार का 16वां वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।


इस दौरान कोलकाता की तूलिका बनर्जी डांस ग्रुप ने नृत्य नाटिका के साथ गणेश वंदना की झांकी, शिव पूजा, अहिलावती सखियां मिलन, अहिलावती भिमसेन विवाह, अहिलावती भीमसेन विवाह, अहिलावती द्वारा वीरह गीत की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में श्रद्धालु झूम उठे और एक दूसरे को श्याम जन्मोत्सव की बधाई दी।

मेहुल शर्मा ने बधाई हो बधाई, खाटू वाले मुझे बुला ले, छम-छम नाचे देखों वीर हनुमाना, थारी मोर छडी लहराई रै सहित अनेक भजनों की शानदार प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। इसी क्रम में अहिल्यावती लाल को गोद में उठाकर बर्बरीक को छतरी धर्म की शिक्षा, अहिलावती बर्बरीक शिवपूजन, नारद का आना, महाभारत का समाचार देना, बर्बरीक नीले घोडे पर चढके युद्ध में जाना, शीश का दान व खाटू में श्याम प्रकट होना आदि संजीव झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## लाभ संतृप्ति शिविर आयोजित

झुंझुनूं, (निसं)। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे जनजातीय गौरव वर्ष के अंतर्गत एक से 15 नवंबर तक जिलेभर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को आयोजना विभाग द्वारा वित्तीय समावेशन एवं सामाजिक सुरक्षा विषय पर विशेष लाभ संतृप्ति (सैचुरेशन) शिविरों का आयोजन किया गया। सांख्यिकी विभाग की उप निदेशक पूनम कटेवा ने बताया कि इन शिविरों में भारत सरकार द्वारा बैंकों के माध्यम से संचालित राष्ट्रव्यापी संतृप्ति अभियान (सैचुरेशन कैंपेन आफ गवरमेंट आफ इंडिया) के तहत विभिन्न गतिविधियां संपन्न की गई। इनमें प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत नए खाते खोलना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना में नामांकन करना, निष्क्रिय बैंक खातों का पुन: सत्यापन करना तथा बीमा योजनाओं के अंतर्गत दावों का वितरण शामिल रहा। जिले के 333 अटल सेवा केंद्रों एवं ई-मित्र केंद्रों पर जिला प्रशासन तथा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से यह अभियान संचालित किया गया। इस अवसर पर सांख्यिकी विभाग की उप निदेशक पूनम कटेवा व अग्रणी बैंक प्रबंधक गोपाल प्रसाद ने ई-मित्र कियोस्क पर उपस्थित लोगों को योजनाओं के लाभ और पात्रता की जानकारी प्रदान की।

# डॉ. डीएन तुलस्यान का सम्मान किया



डॉ. डीएन तुलस्यान का लॉयंस क्लब द्वारा सम्मान किया गया।

झुंझुनूं, (निसं)। बगड़ रोड स्थित पंसारी लॉयंस हॉस्पिटल में रविवार दोपहर क्लब की आयोजित सभा में 24 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान रक्तदान शिविर, नेत्र चिकित्सा शिविर, गौशाला में श्री गऊ लड्डू सवामणी एवं इंदिरा रसोई में प्रभुजनों को नि:शुल्क भोजन इत्यादि सेवा कार्यों के सफल आयोजन के लिए प्रायोजक डॉ. डीएन तुलस्यान का लॉयंस क्लब झुंझुनूं की ओर से क्लब संरक्षक एमजेएफ लॉयन एसएन शर्मा एवं लॉयन शिवकुमार जांगिड़ ने माल्यार्पण के साथ सम्मान किया। श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कथावाचक संत श्रीहरिशरण जी महाराज से लॉयंस क्लब झुंझुनूं के सदस्यों को महाराजश्री से आशीर्वाद दिलवाया गया। क्लब संरक्षक एमजेएफ लॉयन एसएन शर्मा, कैलाशचंद सिंघानिया एवं ओमप्रकाश जांगिड को कथा में महाराज से आशीर्वाद नहीं मिल पाया। जिनको आज की सभा में डॉ. डीएन तुलस्यान ने दुपट्टा ओढाकर राधा कृष्ण का प्रतीक चिह्न भेंट कर उनसे आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर क्लब क्लब संरक्षक एमजेएफ लॉयन एसएन शर्मा, अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र सिंह शेखावत, सचिव गोपाल कृष्ण गुप्ता, कोषाध्यक्ष भागीरथप्रसाद जांगिड, रीजन चेयरमैन डॉ. एनएस नरुका, अध्यक्षीय सलाहकार परमेश्वर हलवाई, एमजेएफ लॉयन नरेंद्र व्यास, द्वितीय उपाध्यक्ष लॉयन शिवकुमार जांगिड, शकुंतला पुरोहित, एमजेएफ लॉयन डॉ. मनोजसिंह टीकेएन, महिपालसिंह, रघुनाथप्रसाद पोद्दार, कैलाशचंद्र सिंघानिया एवं ओमप्रकाश जांगिड सहित अन्य क्लब सदस्य उपस्थित थे।

# चौधरी चरणसिंह विचार मंच प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी से मुलाकात की

झुंझुनूं, (निसं)। आरएलडी प्रदेशाध्यक्ष जोगिंद्र अवाना एवं कृषि वैज्ञानिक डॉ. हनुमानप्रसाद के मार्गदर्शन में नेशनल यूथ आइकॉन वकील विजयहिंद जालिमपुरा के नेतृत्व में चौधरी चरण सिंह विचार मंच झुंझुनूं के प्रतिनिधि मंडल ने भारत सरकार के केंद्रीय कौशल विकास उद्यिमता एवं शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी से उनके नई दिल्ली स्थित सरकारी बंगले पर भेंट की।

जालिमपुरा ने बताया कि राजस्थान प्रदेश विशेषकर शेखावाटी में युवाओं, सैनिकों, श्रमिकों और किसानों के कौशल विकास, उनकी प्रगति एवं सशक्तिकरण के लिए मंत्रालय तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का विशाल युवा किसान कौशल महोत्सव झुंझुनूं जिले में आयोजित करने, युवाओं के लिए प्रेरणादाई पुस्तक जयहिंद से विजयहिंद कहानी नेशनल यूथ आइकॉन की का विमोचन एवं आठ क्षेत्रों शिक्षा, सुरक्षा, चिकित्सा, साहित्य, संस्कृति/धरोहर, कृषि, पर्यावरण और सेवा में अभूतपूर्व योगदान देने वाले नागरिकों को हिंद गौरवश्री सम्मान प्रदान करने के लिए आमंत्रित किया गया।

- झुंझुनूं में आयोजित होगा युवा किसान कौशल महोत्सव



चौधरी चरणसिंह विचार मंच प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी से मुलाकात की।

आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष के अंत में युवा किसान कौशल समारोह झुंझुनूं में आयोजित किया जाएगा। यह जिले के लिए सुंदर सौगात है। इस अवसर पर प्रतिनिधि मंडल के अन्य सदस्य सेवानिवृत्त नेवी कमांडर एवं जिला नवलसंघ अध्यक्ष सुरेंद्र चकबास, साहित्यकार लेखक राजेंद्र कस्वां, वीरवर झुंझारसिंह संस्थान के महेंद्र चौधरी, एक्स नेवी सुशील शर्मा और रवि शर्मा उपस्थित रहे।

इससे पूर्व प्रतिनिधिमंडल द्वारा मंत्री को पौधा तथा लेखक राजेंद्र कस्वां द्वारा लिखित भारत रत्न किसान केसरी चौधरी चरण सिंह, देश की प्रथम महिला मंत्री चंद्रावती और झुंझुनूं संस्थापक वीर झुंझा जाट की किताब भेंट कर अभिवादन किया गया।

# सत्संग भवन व सेवाश्रम का शिलान्यास

तारानगर (निसं)। तारानगर के निकटवर्ती गाँव पुनसीसर के वार्ड नं.9 में स्थित विश्वकर्मा मंदिर के पास बनने वाले स्वामी रामपुरी सत्संग भवन और स्वामी कानपुरी सेवाश्रम का शिलान्यास वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच सम्पन्न हुआ है। लुकसा जोहड़ा से आए महंत स्वामी केशवानंद सरस्वती महाराज, करंट बालाजी लाडनू के स्वामी बजरंगपुरी महाराज, गुलर धाम के महंत स्वामी कानपुरी महाराज द्वारा पूजा पाठ के बाद आश्रमों की आधारशिला रखी गई।

इस अवसर पर स्वामी केशवानंद महाराज ने कहा कि धार्मिक गतिविधियां संस्कार युक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित करती हैं। इसलिए पुनसीसर गांव के ग्रामीणों के लिए यह प्रसन्नता का विषय है कि यहां पर आश्रमों का निर्माण होने से धार्मिक कार्यक्रमों, अनुष्ठानों में वृद्धि होगी। महंत स्वामी कानपुरी महाराज ने कहा कि धन की तीन गति होती है, दान, भोग और नाश। भामाशाह कुमाराम जांगिड़ ने आश्रम के लिए जमीन दान की है और दान धन की सर्वश्रेष्ठ गति होती है। उन्होंने कहा कि पुनसीसर के ग्रामीणों का धार्मिक भाव और सनातन संस्कृति की परम्परा अनुकरणीय है। पंडित उमाकान्त लाटा, अर्जुन पारीक, भंवरलाल पारीक ने विधि विधान के साथ भूमि पूजन करवाया। इस अवसर पर भामाशाह इन्द्राज जांगिड़ ने निर्माण कार्य में 2 लाख 51 की सहयोग राशि प्रदान करने की घोषणा की।



महंत कानपुरी महाराज ने सत्संग भवन व सेवाश्रम का शिलान्यास किया।

शिलान्यास कार्यक्रम को सफल बनाने में भादरराम जांगिड, भीकाराम जांगिड, बंशीधर बोहरा, देवीलाल जांगिड, अमरसिंह, धर्मपाल, सुभाष, महावीर प्रसाद पांडिया, दीपाराम पांडिया, शिवभगवान, प्रहलाद, सीताराम बोहरा, ब्रह्मानंद, रामकुमार, शंकरलाल सामरिया, बजरंगलाल बोदलिया, सोहनलाल पांडिया, ओंकारमल पांडिया, गजानंद धामू, शिवप्रकाश बोहरा, गोपाल प्रजापत, अशोक प्रजापत, राकेश जांगिड, पवन पारीक, शंकरलाल सैन आदि ने सहयोग किया। शिलान्यास के बाद सैंकडों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। महंत स्वामी कानपुरी महाराज ने बताया कि क्षेत्र के भक्तों के सहयोग से ही आश्रम का निर्माण किया जा रहा है। इससे पहले 8 प्रहर का हरीनाम संकीर्तन भी आयोजित किया गया, जिसमें धर्मप्रेमी लोगों ने प्रभु नाम का स्मरण कर पुण्य लाभ कमाया।

# 'जानी हुई बुराई छोड़कर हमेशा भगवान का आश्रय लेना चाहिए'

झुंझुनूं, (निसं)। संतश्री हरिशरण जी महाराज की संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन निकटवर्ती ग्राम कालीपहाडी में छह नवंबर तक होग रहा है। यह आयोजन इतिहासकार रघुनाथसिंहजी का निवास स्थान पर किया जा रहा है। जिसमें कथा के तीसरे दिन रविवार को सुबह पांच बजे आयोजित प्रवचन कार्यक्रम में श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान एवं योगेश तुलस्यान ने उपस्थित होकर महाराज जी के प्रवचनों को सुनकर धर्म लाभ प्राप्त किया। व्यास पीठ से प्रवचन देते हुए महाराजश्री ने बताया कि जानी हुई बुराई को छोड देना चाहिए और भगवान का आश्रय रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि भक्त जिन्हें भगवान कहते हैं। उन पर हमेशा विश्वास करो, कभी भी उनसे अपेक्षा मत रखो। क्योंकि वे सर्वशक्तिवान हैं। वे बगैर मांगे ही आपके लिए जो उपयुक्त है दे देते हैं। उन्होंने समाज में बढ़ रही आपसी ईर्ष्या, द्वेष भाव के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि व्यक्ति को किसी की भी निंदा नहीं करनी चाहिए। हमेशा सद्भाव रखते हुए सकारात्मक भाव से सामाजिक सरोकारों में कार्य करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा काम कर्म करने का है फल की चिंता न करते हुए ईश्वर पर पूरा विश्वास रखना चाहिए। प्रवचन कार्यक्रम के पश्चात महाराज जी के सानिध्य में सभी भक्तजनों ने प्रभातफेरी में भाग लिया। जगह जगह संत श्रीहरिशरण जी महाराज का पुष्प वर्षा से ग्रामवासियों ने स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. डीएन तुलस्यान एवं योगेश तुलस्यान ने व्यास पीठ पर संतश्री का साफा एवं शॉल ओढाकर माल्यार्पण के साथ स्वागत अभिनंदन किया एवं सभी उपस्थित ग्रामवासियों को भी दुपट्टे ओढाए। इस अवसर पर आयोजक श्री राधा रमण सरकार की ओर से उपस्थित भक्तगण के अलावा ठाकुर साहब मुकुन्द सिंह, लक्ष्मण सिंह, रघुनाथ सिंह, बलबीर सिंह, कैलाश सिंह, प्रयाग सिंह, श्रवण सिंह, अशोक सिंह, सुरेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र सिंह, ब्रह्मदेव सिंह, भूपेन्द्र सिंह, गजेन्द्र सिंह एवं गोपाल सिंह सहित बडी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## मधुमेह चिकित्सा शिविर आयोजित

झुंझुनूं, (निसं)। लॉयंस क्लब झुंझुनूं के तत्वावधान में एमजेएफ लॉयन डॉ. मनोजसिंह टीकेएन सेफ्टी फायर के आर्थिक सौजन्य से पंसारी लॉयन अस्पताल बगड़ रोड झुंझुनूं में निशुल्क मधुमेह चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। मधुमेह चिकित्सा शिविर में आए हुए रोगियों की ब्लड, शुगर, बीपी की निशुल्क जांच की गई एवं शिविर में 67 रोगियों का पंजीयन कर परामर्शकर्ता लॉयन डॉ. एनएस नरूका के परामर्श पर लिखी गई दवाइयां रोगियों को एक माह की निशुल्क प्रदान की गई। इस अवसर पर क्लब क्लब संरक्षक एमजेएफ लॉयन एसएन शर्मा, अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र सिंह शेखावत, सचिव गोपाल कृष्ण गुप्ता, कोषाध्यक्ष भागीरथ प्रसाद जांगिड सहित अन्य क्लब सदस्य उपस्थित थे।

## बुहाना की बेटी ने सूरत में बजाया डंका

बुहाना, (निसं)। उपखंड के ईस्माइलपुर झारोड़ा गांव की बेटी खुशी चौधरी ने सूरत में आयोजित कूडो इंटरनेशनल फेडरेशन इंडिया कप 2025 में शानदार प्रदर्शन कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। खुशी ने इस प्रतियोगिता में दो गोल्ड मैडल और एक ब्रॉन्ज मैडल अपने नाम किए हैं। यह प्रतियोगिता 23 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक सूरत (गुजरात) में आयोजित हुई, जिसमें देशभर के सैंकड़ों खिलाड़ियों ने भाग लिया। खुशी चौधरी, जो कि सुनिल बलवदा की पुत्री हैं, ने अपनी मेहनत और लगन के दम पर यह सफलता हासिल की।

खुशी ने कूडो 16 कैटेगरी में मध्य प्रदेश की खिलाडी को हराकर गोल्ड मैडल जीता। वहीं, कूडो छह फैडरेशन मैच में उन्होंने लगातार तीन राज्यों हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और गुजरात की खिलाडियों को पराजित करते हुए दूसरा गोल्ड मैडल अपने नाम किया।

# ट्रेनों के ठहराव के लिए भिवण्डी के चूरू जिला अप्रवासी मण्डल ने सांसद को ज्ञापन सौंपा

चूरू (निसं)। वार्ड 17 में भिवण्डी के चूरू जिला अप्रवासी मण्डल के हाजी इस्माईल भाटी के नेतृत्व में हिसार-कोयम्बटूर- हिसार का भिवण्डी रेलवे स्टेशन पर ठहराव, हिसार-बान्द्रा-हिसार, जम्मुतवी बान्द्रा-जम्मु एक्सप्रेस का बसई स्टेशन पर ठहराव के लिए सांसद राहूल कस्वां को अप्रवासियों ने ज्ञापन सौंपा।

हाजी भाटी ने बताया कि चूरू जिले के अलावा सीकर, झुंझुनूं सहित राजस्थान के हजारो नागरिक महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवण्डी क्षेत्र में व्यापार के लिए बडी संख्या में रहते है। इसलिए अप्रवासियों ने इन स्टेशनों पर हिसार-कोयम्बटूर- हिसार का भिवण्डी रेलवे स्टेशन पर ठहराव, हिसार-बान्द्रा-हिसार, जम्मुतवी बान्द्रा-जम्मु एक्सप्रेस का बसई स्टेशन पर ठहराव किया जाए। ताकि हम लोगों को कोई परेशानी का सामना न करना पडे।

इस अवसर पर मोहम्मद रफ़ीक चौहान,हाजी इस्माईल भाटी, जमील चौहान, आरिफ पीर्थीसर, सद्दाम हुसैन,शकील चौहान, रफीक चुरुवि, याकूब राजगढ़िया, यूसुफ महबूब भाटी, असगर अली, सलीम मिस्त्री, शौकत चौहान, मुबारक भाटी, गुलाम हुसैन गौरी, सोयल खान डीके,सलीम पिए, सिराज जोइया,काज़ी अब्बास,हारून मलनस,जाफर नूरवाला आदि मौजूद रहे। सांसद के धर्मेन्द बुडानिया, किशोर घांघू, नारायण बालान, योगेश ढाका का भी स्वागत किया।

## सत्संग व भंडारा आज होगा

झुंझुनूं, (निसं)। जिले के सारी गांव स्थित बाबा रामदेव जी मंदिर सारी धाम में संत जोरादास जी की आठवीं पुण्य तिथि पर सत्संग भंडारा सोमवार को होगा। बाबा रामदेव जी मंदिर सारी धाम के वर्तमान पीठाधीश्वर महंत कैलाशदास महाराज ने बताया परम पूज्य संत श्री जोरादास जी महाराज की आठवीं पुण्य तिथि पर बाबा रामदेव जी मंदिर सारी में सत्संग भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।

# सांसद राहुल कस्वां ने लोकसभा क्षेत्र में रेलवे लाईनों पर अंडरब्रिज निर्माण के लिये रेल मंत्री को पत्र लिखा

सादुलपुर (निसं)। चूरू सांसद राहुल कस्वां ने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर चूरू संसदीय क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर जरूरत के मुताबिक अडंरब्रिज निर्माण कार्य करवाने की मांग की है।

अपने पत्र में सांसद कस्वां ने बताया कि चूरू संसदीय क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण इलाकों में रेलवे अंडर ब्रिज निर्माण की महत्ती आवश्यकता है, क्योंकि आरयूबी के अभाव में किसानों को कृषि कार्य हेतु रेलवे लाईनों के पार अनाधिकृत रूप से जाना पडता है, जिससे हर समय दुर्घटना की संभावना रहती है। वर्तमान में ट्रैक डबलीकरण हो रहा है जिसके बाद वर्षों पुरानी यह समस्या और भी बढ़ती चली जायेगी।

पूर्व में भारत सरकार व रेल मंत्रालय द्वारा नई नीति के तहत्त राजस्थान प्रदेश में रेलवे अंडरब्रिज बनाये जाने हेतु बजट प्रावधान किया गया, जिसके तहत चूरू लोकसभा क्षेत्र में कुल 48 अंडर ब्रिज दो चरणों मे बनाये जाने प्रस्तावित थे, लेकिन इनका निर्माण कार्य शुरू होने से पहले ही यह नीति वापस ले ली गई।



सांसद राहुल कस्वां

हाल ही में जयपुर दौरे के दौरान रेल मंत्री ने रेलवे अंडरब्रिज व ओवरब्रिज शत प्रतिशत राशि खर्च कर रेलवे द्वारा बनाने की बात कही है। इसलिए चूरू संसदीय क्षेत्र में पूर्व में स्वीकृत 48 अंडरब्रिज के साथ-साथ हमारी मांग के अनुरूप अन्य स्थानों पर भी अंडरब्रिज निर्माण कार्य करवाया जाए।

रेलवे लाइन के एक और गांव है तो दूसरे और किसान भाईयों के खेत हैं। किसान अपना खेत छोड नहीं सकता, रेलवे क्रोसिंग के अभाव में गांव से खेत एवं खेत से गांव जाना नहीं हो पा रहा है। मजबूरन उन्हें अनाधिकृत रूप से रेलवे लाइन को पार करना पड़ रहा है, जिससे हमेंशा उनके जीवन को खतरा बना रहता है। अत: चूरू संसदीय क्षेत्र में आरयूबी निर्माण का कार्य प्राथमिकता से करवाया जाए।

# बिरला बालिका विद्यापीठ, पिलानी में 10वीं अंतरराष्ट्रीय आर्ट मीट का शुभारंभ

पिलानी, (निसं)। बिरला एजुकेशन ट्रस्ट पिलानी और डायमेंशन-4 के संयुक्त प्रयास से बिरला बालिका विद्यापीठ में रविवार को 10वीं अंतरराष्ट्रीय कला कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। जिसमें देश-विदेश के प्रतिष्ठित कलाकार विद्यार्थियों को कला के विविध रूपों की बारीकियां सिखाएंगे। इस वर्ष की कला कार्यशाला में भारत, जर्मनी, पोलैंड, क्रोएशिया, लेबनान, सर्बिया, रोमानिया और ताइवान के 14 कलाकार भाग ले रहे हैं। प्रसिद्ध चित्रकार टिंकू दास और बबिता दास के नेतृत्व में यह अंतरराष्ट्रीय आर्ट मीट विभिन्न देशों की कला-संस्कृतियों के आदान-प्रदान का मंच बनी हुई है।

उद्‍घाटन समारोह के मुख्य अतिथि बिरला शिक्षण संस्थान के निदेशक मेजर जनरल एसएस नायर एवीएसएम रहे। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने 10वीं कला कार्यशाला के आकर्षक ब्रॉशर का विमोचन किया। सभी अतिथियों और कलाकारों का स्वागत किया गया। अतिथियों ने कहा कि यह कार्यशाला संस्थान के विद्यार्थियों के लिए एक सृजनात्मक मंच है। जहां वे अंतरराष्ट्रीय कलाकारों से प्रत्यक्ष रूप से सीखकर अपने कौशल को निखार सकेंगे। उन्होंने कहा कि कला न केवल रचनात्मकता को प्रोत्साहित करती है, बल्कि विद्यार्थियों में संवेदनशीलता, अभिव्यक्ति और नवाचार की भावना भी विकसित करती है। सभी अतिथि कलाकारों का परिचय देते हुए इस सात दिवसीय कला कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि मेजर जनरल एसएस नायर ने कार्यशाला का शुभारंभ करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि कला एक सार्वभौमिक भाषा है जो सीमाओं से परे मानवता को जोडती है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों और कलाकारों को वैश्विक दृष्टिकोण विकसित करने का अवसर मिलता है। आधुनिक शिक्षा में कला को शामिल करना विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में अत्यंत आवश्यक कदम है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अंतरराष्ट्रीय कला आयोजनों से विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर पर कला की विविधता, नवीन तकनीकों और विभिन्न शैलियों को समझने का अवसर प्राप्त होता है।




बिरला एजुकेशन ट्रस्ट पिलानी और डायमेंशन-4 के संयुक्त प्रयास से बिरला बालिका विद्यापीठ में 10वीं अंतरराष्ट्रीय कला कार्यशाला का शुभारंभ हुआ।

- भारत सहित आठ देशों के कलाकार कला की बारीकियों का प्रशिक्षण देंगे

मेजर जनरल नायर ने सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बिरला एजुकेशन ट्रस्ट की दूरदर्शी शैक्षिणक सोच और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। आठ नवंबर तक चलने वाली इस सात दिवसीय कार्यशाला में बिरला शिक्षण संस्थान के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों बिरला बालिका विद्यापीठ पिलानी, बिरला स्कूल पिलानी, बिरला शिशु विहार पिलानी, बिरला पब्लिक स्कूल पिलानी, बिरला पब्लिक स्कूल किशनगढ़ और बिरला पब्लिक स्कूल गंगानगर के कला शिक्षक और लगभग 100 छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। उद्घाटन समारोह में जीएस गिल, डॉ. मनोज जांगिड़, मोहित श्रीवास्तव, बिरला एजुकेशन ट्रस्ट के वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षकगण, विद्यार्थी और गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।